आकाशवाणी के नये केन्द्र

1692. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री राज्य सभा में 23 अगस्त, 1992 को तारांकित प्रश्न 240 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि चालू पंचवर्षीय योजना के दौरान किन-किन स्थानों पर नए आकाशवाणी केन्द्र खोले जाने का प्रस्ताव था और ये किन-किन स्थानों पर खोले जा चुके हैं और किन-किन स्थानों पर अभी खोले जाने शेष हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : आकाशवाणी की आठवीं योजना (1992-97) में (1) सातवीं योजना की चालू स्कीमें (2) 1990-91 और 1991-92 की वार्षिक योजनाओं की चालू स्कीमें, तथा (3) आठवीं योजना की नई स्कीमें शामिल हैं। आठवीं योजना के दौरान स्थापित किए जाने वाले आकाशवाणी के 83 केन्द्रों में से संलग्न विवरण-I में यथादर्शित अब तक 21 केन्द्र चालू कर दिए गए हैं। (नीचे देखिये)। शेष 62 नए केन्द्र जो वर्तमान में कार्यान्वयनाधीन/ स्थापना हेतु परिकल्पित हैं, संलग्न विवरण-II में दर्शाए गए हैं।

विवरण-I

1-4-1992 से चालू आकाशवाणी केन्द्रों का ब्यौरा

आकाशवाणी केन्द्र का नाम	राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम
कुरनूल	आंध्र प्रदेश
हाफलोंग	असम
हजारीबाग	बिहार
पूर्णिया	बिहार
सिंहभूम	बिहार
कसौली	हिमाचल प्रदेश
हासपेट	कर्नाटक
शहडोल	मध्य प्रदेश
बालाघाट	मध्य प्रदेश
राजगढ़	मध्य प्रदेश
कोल्हापुर	महाराष्ट्र
चन्द्रपुर	महाराष्ट्र
अकोला	महाराष्ट्र
यवतमाल	महाराष्ट्र
सतारा	महाराष्ट्र
पटियाला	पंजाब
झालावाड़	राजस्थान
सवाई माधोपुर	राजस्थान
चुरू	राजस्थान
कैलाशहर	त्रिपुरा
बेलोनिया	त्रिपुरा

विवरण-II

आठवीं योजना के दौरान स्थापना के लिए परिकल्पित आकाशवाणी केन्द्र

आकाशवाणी केन्द्र का नाम	राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम
1	2
मरकापुरम	आंध्र प्रदेश
जीरो	अरुणाचल प्रदेश
दीफू	असम
तेजपुर	—तदैव—
कोकराझाड़	—तदैव—
नौगांव	—तदैव—
धुबरी	—तदैव—
डाल्टनगंज	बिहार
धनबाद	—तदैव—
आहवा	गुजरात

1	2
जूनागढ़	गुजरात
हिसार	हरियाणा
धर्मशाला	हिमाचल प्रदेश
किन्नौर	—तदैव—
लाहौलस्पीति	—तदैव—
कुल्लु	—तदैव—
हमीरपुर	—तदैव—
भदरवा (डोडा)	जम्मू और कश्मीर
कारगिल	—तदैव—
पुंछ	—तदैव—
मरकारा	कर्नाटक
कारवाड़	—तदैव—
बीजापुर	—तदैव—
रायचूर	—तदैव—
इदुक्की	केरल
सागर	मध्य प्रदेश
गुना	—तदैव—
नासिक	महाराष्ट्र
धुले	—तदैव—
उस्मानाबाद	—तदैव—
चुराचांदपुर	मणिपुर
जोवई	मेघालय
लुंगलेई	मिजोरम
सैंहा	मिजोरम
मोकोकचुंग	नागालैंड
भवानीपटना	उड़ीसा
बहरामपुर	—तदैव—
राउरकेला	—तदैव—
बोलनगीर	—तदैव—
जैसलमेर	राजस्थान
माउंट आबू	—तदैव—
उटकमंड	तमिलनाडु
कोडाईकनाल	—तदैव—
तूतीकोरिन	—तदैव—
लोंगतराई	त्रिपुरा
चमोली	उत्तर प्रदेश
पिथौरागढ़	तदैव—
ओबरा	—तदैव—
उत्तरकाशी	—तदैव—
पौड़ी/श्रीनगर	—तदैव—
मसूरी	—तदैव—
झांसी	—तदैव—
बरेली	—तदैव—
अलीगढ़	—तदैव—
फैजाबाद	—तदैव—
आसनसोल	पश्चिम बंगाल
मालदा	—तदैव—
दार्जिलिंग	—तदैव—
कार निकोबार	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह
दमन	दमन और दीव
कवारत्ती	लक्षद्वीप और मिनीकाय द्वीपसमूह
कराईकाल	पांडिचेरी

पटना में आकाशवाणी के कार्यक्रमों के प्रसारण में व्यवधान

1693. **श्रीमती कमला सिन्हा** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी के पटना स्टेशन का 48.9 मीटर प्रसारण की अवधि में प्रतिदिन लगभग पन्द्रह बार से भी अधिक खराब हो जाता है;